

दैनिक
# कीर्तिप्रभा
खबरों के सच का निर्भीक आइना



■ रीवा ■ भोपाल से एक साथ
वर्ष : 28, अंक : 185 पृष्ठ 12, रीवा

शनिवार 28 मार्च 2026
मूल्य : 3.00 रुपए

## अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने ऑटो को मारी टक्कर, एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत



ग्वालियर,मध्य प्रदेश के ग्वालियर में शुक्रवार की अलसुबह एक रोंगटे खड़े कर देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। शहर के बस स्टैंड के पास परशुराम चौराहे पर एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सवारियों से भरे ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। इस हृदयविदारक घटना में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की जान चली गई, जबकि एक मासूम बच्चे सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं।
जानकारी के अनुसार, यह हादसा सुबह लगभग तीन बजे उस समय हुआ जब एक परिवार शीतला माता मंदिर में दर्शन कर ऑटो से वापस लौट रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो (एमपी 21 जेडई 5911) ने ऑटो को इतनी भीषण टक्कर मारी कि वह सड़क किनारे लगे नीम के पेड़ से जा टकराया।

## खामेनेई के पोस्टरों पर गरमाया माहौल, विधायकों के बीच धक्का-मुक्की

श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर विधानसभा में शुक्रवार को कार्यवाही शुरू होने से पहले ही माहौल तनावपूर्ण हो गया। दरअसल पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के मुद्दे पर नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) और पीडीपी (पीडीपी) के विधायकों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी विधायक हाथों में खामेनेई के पोस्टर और तस्वीरें लेकर सदन में पहुंचे और उनके समर्थन में नारेबाजी की। इसी बीच कुछ विधायकों के बीच धक्का-मुक्की भी हो गई, जिससे सदन की कार्यवाही बाधित हुई।
प्रदर्शन कर रहे विधायकों का कहना था कि किसी भी देश को दूसरे देश पर हमला करने का अधिकार नहीं है और इस घटना की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निंदा होनी चाहिए। नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक तनवीर सादिक ने कहा कि



उनकी पार्टी और जम्मू-कश्मीर सरकार ईरान के साथ खड़ी है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला पहले भी इस तरह की घटनाओं की निंदा कर चुके हैं। गौरतलब है कि 28 फरवरी को इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमले में खामेनेई की मौत की खबर सामने आई थी, जिसके बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव की स्थिति बनी हुई है। इसी मुद्दे को लेकर जम्मू-कश्मीर विधानसभा में भी राजनीतिक तापमान बढ़ गया और इसका असर सदन की कार्यवाही पर साफ दिखाई दिया।

### कांग्रेस और बीजेपी विधायकों के बीच झड़प

इस बीच, विधानसभा के भीतर एक अलग मुद्दे पर कांग्रेस और बीजेपी विधायकों के बीच तीखी झड़प हो गई। बताया गया कि कांग्रेस विधायक इरफान हाफिज द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी की जा रही थी। इसके जवाब में बीजेपी विधायक युद्धवीर सेठी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर टिप्पणी की, जिससे विवाद और बढ़ गया।

### उच्च न्यायालय का ऐतिहासिक फैसला, सांकेतिक भाषा में दी गवाही को मान्यता

रायपुर, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि सांकेतिक भाषा के दुभाषिए की सहायता से दर्ज किए गए बयान भी कानूनी रूप से मान्य हैं और इनके आधार पर दोषसिद्धि हो सकती है। यह टिप्पणी उस मामले में की गई, जिसमें एक व्यक्ति को शारीरिक रूप से सक्षम महिला के साथ यौन उत्पीड़न का दोषी मानकर दी गई आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रविंद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने निचली अदालत के मार्च 2023 के फैसले को सही ठहराते हुए आरोपी की अपील खारिज कर दी।

### एचडीएफसी बैंक के पूर्व अध्यक्ष के इस्तीफे की जांच करेगी सेबी

नई दिल्ली भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एचडीएफसी बैंक के पूर्व अध्यक्ष अतनु चक्रवर्ती के इस्तीफे के मामले की जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई सूचीबद्ध कंपनियों के निदेशकों से जुड़े नियमों के संभावित उल्लंघन की आशंका के आधार पर की जा रही है। बताया जा रहा है कि चक्रवर्ती ने अपने इस्तीफे में बैंक की कार्यप्रणाली को मूल्यों और नैतिकता के विपरीत बताया था। मामले के बीच बैंक बोर्ड ने सुनीता माहेश्वरी को तीन वर्षों के लिए पुनः स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया है। सेबी अब पूरे प्रकरण की विस्तृत समीक्षा कर रही है।

### देश के सभी पेट्रोल पंपों पर ई-20 पेट्रोल बेचना अनिवार्य

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र सरकार ने देशभर के सभी पेट्रोल पंपों पर ई-20 पेट्रोल की बिक्री अनिवार्य कर दी है। इस फैसले का उद्देश्य पेट्रोल में एथेनॉल की मात्रा बढ़ाकर कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। ई-20 पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल का मिश्रण होता है। सरकार का मानना है कि इससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और किसानों को भी फायदा होगा, क्योंकि एथेनॉल का उत्पादन मुख्य रूप से गन्ने और अन्य फसलों से किया जाता है।

### हवाई यात्रा पर जाने वाले यात्री पहले पढ़ लें ये खबर...........

नई दिल्ली, संसदीय समिति ने भारतीय कमर्शियल एयरलाइन फ्लाइट्स की सुरक्षा और तकनीकी स्थिति पर चौंकाने वाली रिपोर्ट पेश की है। रिपोर्ट के अनुसार, बीते साल किए गए ऑडिट में 754 विमानों में से 377 यानी करीब 50 प्रतिशत में बार-बार तकनीकी खराबी मिली। सबसे ज्यादा ऑडिट और तकनीकी समस्याएं इंडिगो एयरलाइन की फ्लाइट्स में देखी गईं। 3 फरवरी तक 405 इंडिगो फ्लाइट्स में से 148 में खराबी थी। वहीं एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट्स में भी गंभीर तकनीकी समस्याएं सामने आईं।

## होर्मुज के बंद हो जाने से गैस और फर्टिलाइजर की सप्लाई बुरी तरह प्रभावित



नई दिल्ली, ईरान युद्ध का असर अब सीधे दुनिया के किसानों और खाने की कीमतों पर पड़ने लगा है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बंद हो जाने से गैस और फर्टिलाइजर की सप्लाई बुरी तरह प्रभावित हुई है, जिससे खेती पर बड़ा संकट खड़ा हो गया है। यह स्ट्रेट दुनिया के करीब 20फीसदी तेल के साथ-साथ लगभग एक-तिहाई फर्टिलाइजर ट्रेड के लिए अहम रास्ता है। ईरान द्वारा इस स्ट्रेट पर कड़ी पहरेदारी करने के बाद नाइट्रोजन और फॉस्फेट जैसे जरूरी पोषक तत्वों की सप्लाई रुकने लगी है। खास तौर पर यूरिया, जो फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता है, उसका स्टॉक तेजी से घट रहा है।
विशेषज्ञों के मुताबिक यह संकट ऐसे समय आया है जब दुनिया के कई हिस्सों में बुवाई का सीजन शुरू हो चुका है। वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के डिप्टी एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ने चेतावनी दी कि अगर हालात नहीं सुधरे तो अगले सीजन में पैदावार कम हो सकती है या फसलें खराब भी हो सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में भी इसका असर साफ दिख रहा है। एक रिपोर्ट में पंजाब के एक किसान के हवाले से कहा गया है कि इससे छोटे किसान सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। अगर सरकार जून में बढ़ने वाली मांग के दौरान सब्सिडी नहीं देती, तो कई किसानों के लिए खेती करना मुश्किल हो जाएगा। भारत पहले से ही अपनी उर्वरक जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है, और इस संकट ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है।
रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर देखें तो करीब 30फीसदी यूरिया व्यापार इस संघर्ष की वजह से प्रभावित हुआ है। विश्लेषकों का कहना है कि गैस की कीमतें बढ़ने से यूरिया उत्पादन भी महंगा हो गया है, क्योंकि एलएनजी इसका प्रमुख कच्चा माल है। इसके अलावा, सऊदी अरब जैसे देश, जो दुनिया का बड़ा फॉस्फेट उत्पादक है, वहां से सप्लाई भी बाधित हो रही है। रिपोर्ट के मुताबिक अफ्रीका और एशिया के विकासशील देशों की स्थिति और ज्यादा नाजुक है।

## दिग्गज नेताओं ने दी शुभकामनाएं, प्रभु राम के आदर्शों को किया याद



नई दिल्ली। धर्म, सत्य और मर्यादा के श्रेष्ठतम प्रतीक प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी का पर्व आज पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया है। इस पावन अवसर पर देश के प्रमुख राजनेताओं ने जनता को बधाई देते हुए भगवान राम के जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोशल मीडिया पर रामलला के प्राकट्य की चौपाइयां साझा करते हुए लिखा, समस्त देशवासियों को श्री रामनवमी के महापर्व की हार्दिक बधाई। हम सबके आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की कृपा सब पर बनी रहे। हर घर में प्रेम, सौहार्द, मर्यादा और संस्कार के पुष्प पल्लवित हों, यही प्रार्थना है।
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनवमी को भारतीय चेतना का आधार बताते हुए कहा कि प्रभु श्री राम करुणा और कर्तव्य के अद्भुत संतुलन हैं। उन्होंने अपने संदेश में जोर दिया कि शक्ति का असली सौंदर्य मर्यादा में ही निहित है और विजय का वास्तविक अर्थ लोकमंगल है। मुख्यमंत्री ने जनता से अपने आचरण में सत्य और समाज में समरसता लाने का आह्वान किया।
बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भगवान राम के जीवन को पूरी मानव जाति के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। उन्होंने कहा कि उनका जीवन प्रेम, सहनशीलता और त्याग का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से इस पर्व को आपसी भाईचारे और हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की।

## पत्रकारों की सुरक्षा और कल्याण के लिए नीति बनाने की मांग, लोकसभा में उठा मुद्दा



### -सांसद चौधरी ने पत्रकारों के सामाजिक सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने रखी मांग

नई दिल्ली, पत्रकारों की सुरक्षा और उनके कल्याण को लेकर लोकसभा में शुक्रवार को अहम मुद्दा उठाया गया। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने सरकार से पत्रकारों के लिए एक समग्र और प्रभावी सुरक्षा एवं कल्याण नीति बनाने की मांग की।
मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम से सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि पत्रकारों को रिपोर्टिंग के दौरान कई तरह के जोखिमों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। उन्होंने मांग की कि पत्रकारों को यात्रा में पहले की तरह 50 प्रतिशत रियायत फिर से बहाल की जाए, जिससे उन्हें काम के दौरान सहूलियत मिल सके।
सांसद ने पत्रकारों और उनके परिवारों के लिए जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा की व्यापक व्यवस्था करने पर भी जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने पत्रकारों के बच्चों के लिए शिक्षा में सहायता उपलब्ध कराने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल पत्रकारों के सामाजिक सुरक्षा ढांचे को मजबूत करेगा, बल्कि उनके मनोबल को भी बढ़ाएगा। सांसद चौधरी ने आवास से जुड़ी समस्याओं का भी जिक्र करते हुए कहा कि पत्रकारों को आवास या प्लॉट आवंटन की सुविधा दी जानी चाहिए। उनका मानना है कि स्थायी आवास व्यवस्था पत्रकारों के जीवन को अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित बनाएगी।

### टोल टैक्स में रियायत देने की मांग

इसके अलावा सांसद चौधरी ने नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे पर टोल टैक्स में रियायत देने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को लगातार यात्रा करनी पड़ती है, ऐसे में यह राहत उनके लिए काफी उपयोगी साबित होगी।

## भूकंप से डोली धरती, भारत में महसूस किए गए झटके, जानें कितनी रही तीव्रता

लेह,शुक्रवार सुबह लद्दाख के लेह इलाके में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.9 मापी गई। यह भूकंप सुबह 8:31 बजे (आईएसटी) आया। भूकंप का केंद्र लेह के पास था। लोग बताते हैं कि झटके हल्के थे, लेकिन कई जगहों पर उन्हें महसूस हुए। अभी तक किसी तरह के जान-माल के नुकसान या किसी बड़े नुकसान की कोई खबर नहीं है। एनसीएस ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि भूकंप का केंद्र लेह के आसपास था। लेह-लद्दाख प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे शांत रहें और अगर आगे भी कोई झटका महसूस हो, तब सुरक्षित जगह पर चले जाएं। फिलहाल कोई अलर्ट या विशेष चेतावनी जारी नहीं की गई है और पूरे इलाके में सामान्य स्थिति बनी हुई है।लद्दाख हिमालय पर्वत श्रृंखला का हिस्सा है, जो भूकंप की दृष्टि से काफी सक्रिय क्षेत्र माना जाता है। यहां भारतीय प्लेट और यूरेशियन प्लेट आपस में टकरा रही हैं, इसलिए छोटे-मोटे भूकंप हमेशा आते हैं। 3.9 की तीव्रता को हल्का भूकंप माना जाता है, जो आमतौर पर ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचाता।

## दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा तय करने डोजियर-आधारित लाइसेंस प्रणाली लागू

### -पूरे देश में एक ही तरह के दस्तावेज जमा करने होंगे, लाइसेंसिंग में आएगी पारदर्शिता



नई दिल्ली,भारत सरकार ने दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए देश भर में एकसमान डोजियर-आधारित लाइसेंस प्रणाली लागू की है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के इस कदम से राज्यों की अलग-अलग व्यवस्था खत्म हो जाएगी। अब कंपनियों को एक ही बार में दवाओं की जांच रिपोर्ट, उत्पादन और गुणवत्ता से जुड़े दस्तावेज जमा करने होंगे। पूरे देश में एक ही तरह के दस्तावेज जमा करने होंगे, जिससे लाइसेंसिंग में पारदर्शिता आएगी। आवेदन को दो हिस्सों में बांटकर जांच की जाएगी।
मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक घटिया दवाओं के निर्माण पर रोक लगेगी और फार्मा कंपनियों की जवाबदेही बढ़ेगी। यह आदेश आयुष दवाओं, कॉस्मेटिक्स और मेडिकल डिवाइसेज पर लागू नहीं होगा। इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य दवाओं के निर्माण में एकसमान मानक सुनिश्चित करना है। यह बदलाव दवा उत्पादन की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और नियंत्रित बनाने के लिए किया गया है। सीडीएससीओ ने 2026 में भारत में दवा लाइसेंसिंग प्रक्रिया को एक समान बनाने के लिए डोजियर आधारित प्रणाली लागू की है, जो कई राज्यों की अलग-अलग प्रक्रियाओं को समाप्त करती है। अब फार्मा कंपनियों को पूरे देश में दवा उत्पादन के लिए गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रभाव से जुड़ी जानकारी एक साथ जमा करनी होगी। रिपोर्ट के मुताबिक अलग-अलग राज्यों के अलग-अलग नियम समाप्त हो गए हैं और अब पूरे देश में एक जैसे नियम लागू होंगे। कंपनियों को एक ही बार में, एक ही जगह विस्तृत दस्तावेज़ (डोजियर) जमा करने होंगे। डोजियर की गहराई से जांच के बाद ही स्थानीय औषधि नियंत्रक विभाग द्वारा लाइसेंस देने या न देने की सिफारिश करेगा। यह पहल दवा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और फार्मा कंपनियों की जवाबदेही बढ़ाने के लिए की गई है। कंपनियों को ऑनलाइन राष्ट्रीय दवा लाइसेंस प्रणाली पोर्टल पर विस्तृत डेटा जमा करना होगा। यह नियम आयुष दवाओं, सौंदर्य प्रसाधन और चिकित्सा उपकरणों पर लागू नहीं होता है। यह नई व्यवस्था देश भर में दवाओं की गुणवत्ता में एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन द्वारा की गई है, जो अब तक राज्यों के अलग-अलग नियमों के कारण भिन्न थी।

## रामनवमी पर रामलला का सूर्य तिलक, फूलों से सजे मंदिर, गूंजी बधाइयां




अयोध्या रामनवमी के अवसर पर राम की नगरी अयोध्या में रामलला का जन्मोत्सव पूरे आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया है। प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप रामलला का दर्शन करने के लिए अयोध्या में लगभग दस लाख भक्तों पहुंचे। राममंदिर सहित अयोध्या के सभी मंदिरों में प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दोपहर ठीक 12 बजे भगवान सूर्य की किरणों से प्रभु श्रीराम का तिलक हुआ।
शुक्रवार को मौसम खराब था। कभी धूप कभी बारिश। बादलों की चाल को देखते हुए श्रद्धालुओं में थोड़ी निराशा दिखी लेकिन निराशा पर भक्ति और आस्था भारी पड़ती रही। अंततः जब दोपहर 12 बजने को थे तभी सूर्य देव ने दर्शन दिए और भव्य राम मंदिर में स्थापित राम की प्रतिमा पर ठीक 12 पर उनके मस्तक पर सूर्य तिलक हुआ। प्रभु श्रीराम के ललाट पर जब सूर्य की किरणें सीधे पड़ी तो दृश्य मनोहारी एवं अद्भुत हो गया। गर्भगृह तक बधाइयां गूंजने लगीं।
शुक्रवार को रामनवमी पर सुबह से ही राम मंदिर समेत अन्य स्थानों में भगवान के अभिषेक, श्रृंगार, आरती के आयोजन शुरू हुआ। दोपहर 12 बजे शंख नाद व भजन से पूरी नगरी आह्लादित हो गयी। श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर राम मंदिर में विशेष आयोजन 19 मार्च से चल रहे हैं। मंदिर के गर्भगृह में पुजारी की मौजूदगी में भगवान श्री राम के प्रतीकात्मक जन्मोत्सव का आयोजन संपन्न किया गया। राम मंदिर के ट्रस्ट विशेष आमंत्रित सदस्य, राम मंदिर दर्शन व्यवस्था के प्रभारी गोपाल जी राव ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में सुबह 5 बजे से दर्शन शुरू हुआ। जबकि सुबह 10 बजे से अभिषेक शुरू हुआ। दोपहर 12 बजे आरती होगी 56 भोग लगेगा और उसके साथ भगवान के माथे पर सूर्य का तिलक होगा। शाम को बधाई गीत शुरू रहेगा।

## हाईवे किनारे खड़े ट्राला से भिड़ी पिकअप, आठ की मौत

कौशांबी यूपी के कौशांबी जिले के कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। हादसे में 18 श्रद्धालु घायल हो गए। डोरमा पेट्रोल पंप के समीप उस समय हुआ जब सड़क किनारे खड़े ट्राला में पीछे से तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप के परखचे उड़ गए और उसमें सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।
बताया जा रहा है कि पिकअप में करीब 25 लोग सवार थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। सभी लोग फतेहपुर जिले के मलवां क्षेत्र के बड़ोखर गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। वे लोग रामनवमी के अवसर पर शीतला धाम दर्शन करने के लिए पिकअप बुक कर सुबह आए थे और वापस लौटते समय दोपहर करीब पौने चार बजे यह हादसा हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सड़क पर घायलों की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़ पड़े और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल भेजने के लिए चार एंबुलेंस लगाई गईं। घायलों को अस्पताल ले जाते समय आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य का इलाज जारी है।



## जिला कांग्रेस कार्यसमिति की मासिक बैठक आज

सीधी। जिला कांग्रेस कमेटी सीधी की मासिक कार्यसमिति बैठक आज 28 मार्च 2026 को दोपहर 12 बजे जवाहर भवन सीधी में आयोजित की जाएगी। बैठक में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटीए भोपाल से नियुक्त जिला संगठन प्रभारी दिलीप मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगेए जबकि बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह द्वारा की जाएगी।

इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला पदाधिकारीए ब्लॉक अध्यक्षगणए सहयोगी संगठनों के अध्यक्षए विभाग एवं प्रकोष्ठ के अध्यक्षों सहित कांग्रेस के विभिन्न पदाधिकारियों की उपस्थिति अपेक्षित है। जिला कांग्रेस कमेटी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों से समय पर उपस्थित होकर अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। बैठक में संगठनात्मक मजबूती पर रहेगा फोकस एजनसंपर्क अभियान सहित स्थानीय मुद्दों को लेकर चर्चा की जाएगी एवं गत माह तय किए गए कार्यक्रमों की समीक्षा भी की जाएगी।

## 1 से 4 अप्रैल तक चलेगा 'स्कूल चलें हम' अभियान, 1 अप्रैल को प्रवेशोत्सव

सीधी नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ के साथ जिले में 01 से 04 अप्रैल तक ÷स्कूल चलें हम÷ अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत 01 अप्रैल को सभी विद्यालयों एवं जिला स्तर पर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं साइकिल का वितरण किया जाएगा। साथ ही उत्कृष्ट विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का सम्मान भी किया जाएगा तथा शाला से बाहर रहे बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा।

02 अप्रैल को पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन कर उनका विद्यालय से जुड़ाव बढ़ाया जाएगा।

## पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में 'प्रयास' पत्रिका का विमोचन

सीधी पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में 'प्रयास' पत्रिका का विधिवत विमोचन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.के. त्रिपाठी ने बताया कि यह पत्रिका जिलाधिकारी सीधी के मार्गदर्शन तथा उपायुक्त आर. के. वर्मा एवं सहायक उपायुक्त दीक्षा ज्योति मिश्रा के संरक्षण में संपादित की गई है।

पत्रिका के प्रधान संपादक प्राचार्य डॉ. डी.के. त्रिपाठी हैं, जबकि सहायक संपादक के रूप में सुधीर सरोज, श्रीमती रिचा एवं श्री मनीष कुमार दीक्षित का योगदान रहा। यह पत्रिका पीएम श्री योजना के अंतर्गत ÷यंग साइंस राइटर फंड÷ से तैयार की गई है। प्राचार्य ने बताया कि पत्रिका का मुख्य उद्देश्य विद्यालय की प्रगति, छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा एवं उनके अनुभवों को कविता, कहानी एवं लेख के माध्यम से समाज तक पहुंचाना है।

विमोचन अवसर पर उप प्राचार्य श्री सुबोध कुमार तिवारी, वरिष्ठ शिक्षक श्री रूपेश कुमार चौधरी, श्री प्रवेश कुमार सिंह, विद्यालय के कैप्टन हर्षित द्विवेदी एवं अनुपमा द्विवेदी सहित समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान छात्रों में उत्साह एवं हर्षोल्लास का वातावरण रहा।

## टंसार में 28 मार्च को वृहद विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर

सीधी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी ने जानकारी देते हुए बताया कि म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में 28 मार्च 2026 (शनिवार) को प्रातः 10.30 बजे वृहद विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित किया जाएगा।

यह शिविर पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टंसार, विकासखण्ड कुसमी, जिला सीधी के प्रांगण में आयोजित होगा।

# ट्रैक्टर.ट्रॉली में 1000 लीटर अवैध डीजल बरामद पेट्रोल पंप सीज



जितेन्द्र शर्मा प्रतिनिधि अमरपाटन मैहर जिले में डीजल की कथित कालाबाजारी से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर सर्कुलेट हो रहा हैण् वीडियो सामने आने के बाद प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया और तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की गईण् वीडियो में एक ट्रैक्टर.ट्रॉली के जरिए बड़ी मात्रा में डीजल ले जाते हुए देखा जा सकता हैण् बताया जा रहा है कि ट्रॉली में करीब 1000 लीटर डीजल चार ड्रमों में भरकर परिवहन किया जा रहा थाण् जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख रुपये बताई जा रही है। 'प्रशासन की कार्रवाईए मौके पर पहुंची टीम' मामले की जानकारी लगते ही गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने तुरंत संज्ञान लिया॰कडए तहसीलदार और॑ क्ुच् पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कीण् प्रारंभिक जांच के दौरान संदिग्ध रूप से जुड़े महादेव पेट्रोल पंप पर छापेमार कार्रवाई की गईए जहां से इस डीजल की आपूर्ति होने की आशंका जताई जा रही है। 'स्टॉक रजिस्टर में गड़बड़ीए बढ़ा संदेह' मामले की जांच के दौरान पेट्रोल पंप के स्टॉक रजिस्टर में अनियमितताएं पाई गईंए जिससे मामला और गंभीर हो गया हैण् अधिकारियों ने पंप के रिकॉर्डए बिक्री और स्टॉक से संबंधित दस्तावेजों की बारीकी से जांच शुरू कर दी हैण् प्रशासन यह पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि क्या स्टॉक में हेरफेर कर डीजल को अवैध रूप से बाहर भेजा जा रहा था। 'पेट्रोल पंप पर बिक्री अस्थायी रूप से बंद' मामले को गंभीर मानते हुए॰कड आरती सिंह ने बड़ा कदम उठाया हैण् उन्होंने संबंधित पेट्रोल पंप पर अगले आदेश तक पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर अस्थायी रोक लगाने के निर्देश दिए हैंए यह कार्रवाई एहतियातन की गई हैए ताकि जांच पूरी होने तक किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सके। ॰कड आरती सिंह का बयान' ॰कड आरती सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद तुरंत जांच शुरू की गई हैण् प्रारंभिक जांच में कुछ अनियमितताएं सामने आई हैंण् संबंधित पेट्रोल पंप की बिक्री पर अस्थायी रोक लगाई गई है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगीण्श् प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को देंण् फिलहाल पूरा मामला जांच के अधीन है। जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि यह वास्तव में कालाबाजारी का मामला है या डीजल का परिवहन किसी वैध उद्देश्य से किया जा रहा था।

# अवैध कफसिरप के साथ पकड़ाया आरोपी

## कोतवाली थाना प्रभारी की तत्परता से मिली बड़ी कामयाबी




सीधी। पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोनए रीवा गौरव राजपूत के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान प्रहार 2.0 के अंतर्गत नशे के अवैध कारोबार और तस्करी के विरुद्ध सीधी पुलिस की कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के मार्गदर्शन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा की देखरेख में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस टीम द्वारा अवैध नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की है।

पुलिस के अनुसार दिनांक 26 मार्च 2026 एवं 27 मार्च 2026 की दरमियानी रात पुलिस को मुखबिर के माध्यम से पुख्ता सूचना प्राप्त हुई कि सोनाखांड निवासी एक युवक अपनी स्पोर्ट्स मोटरसाइकिल पर भारी मात्रा में अवैध नशीली कफसिरप लेकर बेचने की फिराक में जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी द्वारा तुरंत पुलिस टीम गठित कर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

पुलिस टीम द्वारा सोनाखांड तिराहे पर तत्परता से नाकाबंदी की गई। घेराबंदी के दौरान मुखबिर के बताए अनुसार हुलिए वाला संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार पुलिस को आता दिखाए जिसे रोका गया। पूछताछ में उसने अपना नाम अजीत जायसवाल उर्फ लाला पिता राजमणि जायसवाल 24 वर्ष निवासी सोनाखांड बताया। तलाशी लेने पर मोटरसाइकिल पर सामने रखी सीमेंट की बोरी से 40 शीशी अवैध नशीली कफसिरप बरामद की गई।

बरामद दवाओं की अनुमानित कीमत 8ए000 रुपये है। इसके साथ ही अपराध में प्रयुक्त की जा रही नीले रंग की यामाहा आर15 मोटरसाइकिल जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1ण्50 लाख रुपये हैए को भी पुलिस द्वारा जब्त कर लिया गया है। इस पूरी कार्यवाही में कुल लगभग 1ण्58 लाख रुपये का मसरूका जब्त किया गया है।

## जल ही जीवन है,जल बचाओ जीवन बचाओ का दिया संदेश




मैहर। जन अभियान परिषद के तत्वाधान में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत प्रस्फुटन गांव तिघराखुर्द सेक्टर क्रमांक एक अमदरा में नवांकुर संस्था सेवावाहिनी द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति तिघरा खुर्द धनवाही में जल संरक्षण और संवर्धन का आयोजन किया गया। जवारे विसर्जन कार्यक्रम में सेवावाहिनी अध्यक्ष अजय दुबे, इंद्रपाल अध्यक्ष प्रस्फुत समिति और ग्रामीणजन प्रहलाद सिं,ह जगन्नाथ पटेल, प्रेम सिंह, अशोक पटेल, अशोक भाई, बब्ली, रतीभान यादव, केशव तिवारी एवं अरविंद तिवारी आदि ने भाग लिया। और उपस्थितजनो को जल संरक्षण और संवर्धन का संदेश देकर जल ही जीवन है, जल बचाओ, जीवन बचाओ के नारों के साथ जल संचय का संदेश दिया गया।

## संतूर वादक अभय रुस्तुम ने दी मनमोहक प्रस्तुति



मैहर। भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं संस्कृति के संरक्षण और प्रसार हेतु समर्पित अंतरराष्ट्रीय संस्था स्पिक मैके द्वारा आयोजित संतूर वादन की लेक्चर डेमोंस्ट्रेशन श्रृंखला अत्यंत सफलता पूर्वक संपन्न हुई। इस श्रृंखला के अंतर्गत देश के सुप्रसिद्ध संतूर वादक पंडित अभय रुस्तुम सोपोरी का 22 मार्च से 26 मार्च तक मैहर प्रवास रहा। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराइयों से परिचित कराया। उनके संतूर वादन की मनमोहक प्रस्तुतियों ने विद्यार्थियों एवं श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस श्रृंखला के अंतर्गत गुरुकुल विद्यालय, बड़ा अखाड़ा, वेद विद्यालय अरकांडी, सरस्वती शिशु मंदिर, शासकीय एकलव्य आवासीय विद्यालय, पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल पाल, पीएम श्री शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय, सरला विद्या निकेतन एवं विधि विद्यालय ओइला सहित संस्थानों में सफल आयोजन किए ।

## सांसद ने उठाया अहम मुद्दा प्रवासी मृतकों के पार्थिव शरीर लाने योजना की मांग



सीधी। लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉण् राजेश मिश्रा ने आज लोकसभा में शून्यकाल के दौरान एक अत्यंत संवेदनशील एवं जनहित से जुड़े मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सीधीए सिंगरौली एवं ब्यौहारी क्षेत्र के उन नागरिकों की समस्या को सदन के समक्ष रखाए जो रोजगारए व्यवसाय या उपचार के लिए अन्य राज्यों में जाते हैं। सांसद ने बताया कि कई बार दुर्भाग्यवश इन लोगों का अन्य प्रदेशों में निधन हो जाता हैए जिसके बाद उनके पार्थिव शरीर को गृह क्षेत्र तक लाने में परिजनों को भारी आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

यह स्थिति विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अत्यंत पीड़ादायक होती है। डॉण् राजेश मिश्रा ने केंद्र सरकार से इस समस्या के समाधान हेतु एक ठोस योजना बनाने की मांग की। उन्होंने सुझाव दिया कि इसके लिए अलग से बजटीय प्रावधान किया जाए या इसे आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत शामिल किया जाएए ताकि जरूरतमंद परिवारों को राहत मिल सके। सांसद के इस प्रस्ताव को क्षेत्रीय जनभावनाओं से जुड़ा बताते हुए स्थानीय नागरिकों ने सराहना की है। उनका मानना है कि यदि इस दिशा में सरकार ठोस कदम उठाती हैए तो संकट की घड़ी में हजारों परिवारों को बड़ी सहायता मिल सकेगी।

## कागजों में सीमित है आहार अनुदान योजना

### 3 हजार 452 बैगा परिवार की महिलाएं योजना से वंचित



सीधी। अति विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए लागू की गई सरकार की आहार अनुदान योजना का लाभ जमीनी स्तर पर नहीं पहुंच पा रहा है। बैगा और सहरिया परिवारों की महिला मुखियाओं को प्रति माह ?1500 देने के लिए मध्यप्रदेश शासन द्वारा अक्टूबर 2023 में आदेश जारी किया गया थाए लेकिन यह योजना अब तक कागजों में ही दबी हुई नजर आ रही है।बैगा समाज संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष गौरीशंकर बैगा ने योजना को लेकर बरती जा रही लापरवाही पर आरोप लगाते हुए कहा कि शासन का आदेश जारी होने के बावजूद प्रशासन द्वारा इसका प्रभावी क्रियान्वयन नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि कुसमी क्षेत्र सहित सीधी जिले में पंचायतों के माध्यम से महिलाओं के आवेदन फार्म भरवाए गए थेए लेकिन आज तक किसी भी हितग्राही को योजना का लाभ नहीं मिल सका।उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इस संबंध में कई बार मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराया गया है। हाल ही में जिले में आए प्रदेश के राज्यपाल को भी ज्ञापन सौंपा गयाए लेकिन इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है।प्रदेश उपाध्यक्ष के अनुसार केवल सीधी जिले में ही 3 हजार 452 पात्र बैगा महिलाएं इस योजना से वंचित हैंए जबकि पूरे प्रदेश में भी अति विशेष पिछड़ी जनजातियों की यही स्थिति बनी हुई है।लापरवाही पर ग्राम छलवारी की शांति बैगाए बकवा की रामबाई बैगा ठाडीपाथर की बसंती बैगा और समितियां बैगा सहित कई महिलाओं ने बताया कि एक वर्ष पूर्व पंचायत के माध्यम से उनके फार्म जमा कराए गए थेए लेकिन अब तक अनुदान राशि नहीं मिली।

# खजुरीताल आश्रम में मनाया गया भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव



मैहर। मानसपीठ खजुरीताल में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा, उल्लास एवं भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान भजन कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण भक्ति गीत गाकर भगवान श्रीराम का गुणगान किया। जगद्गुरु स्वामी रामललाचार्य जी महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान श्रीराम केवल एक आदर्श राजा ही नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए जीवन जीने की सर्वोत्तम प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम का जीवन हमें सत्य, मर्यादा, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और धर्म के मार्ग पर चलने की सीख देता है। आज के समय में यदि हम श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतार लें तो परिवार, समाज और राष्ट्र सभी में सुख शांति और समृद्धि स्थापित हो सकती है। उन्होंने आगे कहा कि भगवान श्रीराम ने अपने जीवन में हर परिस्थिति में धैर्य, करुणा और न्याय का परिचय दिया। चाहे वनवास का कठिन समय हो या रावण जैसे अधर्म का अंत करने का संकल्प श्रीराम ने सदैव धर्म का पालन किया। उनके आदर्शों का अनुसरण करते हुए अपने जीवन में सदाचार और सेवा भाव को अपनाना चाहिए।

# जिला चिकित्सालय में व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

## स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश



सीधी कलेक्टर विकास मिश्रा द्वारा जिला चिकित्सालय का शुक्रवार को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त एवं सुव्यवस्थित रखी जाएं। व्यवस्थाओं में सुधार नहीं होने पर लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।कलेक्टर ने कहा कि जिला चिकित्सालय वह स्थान है जहां मरीज स्वस्थ होने की उम्मीद लेकर आता है, इसलिए अस्पताल परिसर पूर्णतः स्वच्छ, सुरक्षित एवं संक्रमण मुक्त होना चाहिए। उन्होंने स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर देते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी अस्पताल प्रबंधन के साथ-साथ मरीजों के परिजनों की भी है।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं तथा चिकित्सकों की उपस्थिति नियत समय के अनुसार सुनिश्चित हो। आयुष्मान कार्डधारी हितग्राहियों को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने एवं पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के भी निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने अस्पताल में उपलब्ध भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने, मुख्यमंत्री जननी सुरक्षा योजना एवं मुख्यमंत्री श्रमिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत भुगतान समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही टीबी मरीजों को नियमित दवाइयां उपलब्ध कराने, बेड एवं बेडशीट की पर्याप्त व्यवस्था, खून जांच एवं एक्स-रे सेवाओं की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने विद्युत तारों को सुव्यवस्थित करने, चिकित्सकों के कक्ष के बाहर नाम पट्टिका लगाने तथा सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी समयानुसार लगाने के निर्देश दिए।

# कक्षा 5वीं एवं 8वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

## जिले के अनेक विद्यालयों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत, मेधावी छात्रों ने बढ़ाया गौरव

सीधीजिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केन्द्र सीधी द्वारा जानकारी दी गई कि वार्षिक परीक्षा 2026 के अंतर्गत कक्षा 5वीं एवं 8वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस वर्ष जिले के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल उच्च अंक अर्जित किए, बल्कि विभिन्न स्तरों पर प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है।

जिले स्तर पर कक्षा 5वीं में कु. अंशिका तिवारी (महर्षि पतंजलि मा.शा. झलवार, विकासखण्ड रामपुरनैकिन) ने 96 प्रतिशत (384/400) अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा 8वीं में कु. आराध्या मिश्रा (अशासकीय सर्वोदय हाई स्कूल, सीधी) ने 96.06 प्रतिशत (580/600) अंक अर्जित कर जिले में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। विकासखण्ड स्तर पर भी विद्यार्थियों का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। कुसमी विकासखण्ड में कक्षा 5वीं में कु. जया केवट (गुरूकुल पब्लिक स्कूल, भदौरा) ने 89 प्रतिशत एवं कक्षा 8वीं में उज्जवल चौरसिया ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मझौली विकासखण्ड में कक्षा 5वीं में मानसी तिवारी (संस्कार पब्लिक हाई स्कूल, पथरौला) ने 92 प्रतिशत तथा कक्षा 8वीं में स्विंकित विश्वकर्मा (स्वामी विवेकानंद एकेडमी, मझौली) ने 94.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान अर्जित किया।रामपुरनैकिन विकासखण्ड में कक्षा 8वीं में सपना तिवारी ने 95.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। सीधी विकासखण्ड में कक्षा 5वीं में अंशिका केवट (ज्योति हा.से. स्कूल) ने 94.05 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सिहावल विकासखण्ड में कक्षा 5वीं में प्रांजलि पटेल (काशी हा.से. अमिलिया) ने 93 प्रतिशत तथा कक्षा 8वीं में देवांशधर द्विवेदी एवं सोनांचल गुप्ता ने 94.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया।शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 5वीं में वैष्णवी विश्वकर्मा (प्रा. शाला बिसुनीटोला, सीधी) ने 90.08 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8वीं में प्राची गौतम (हा.से. स्कूल रैदुअरिया, रामपुरनैकिन) एवं उषा सिंह (हाई स्कूल खैरा) ने 93.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार विकासखण्डवार शासकीय विद्यालयों में भी कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कुसमी, मझौली, रामपुरनैकिन, सीधी एवं सिहावल विकासखण्डों में कक्षा 5वीं एवं 8वीं के विद्यार्थियों ने उच्च अंक अर्जित कर शीर्ष स्थान प्राप्त किए, जो जिले की शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है।

जिले में इस वर्ष बड़ी संख्या में विद्यालयों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 5वीं में कुल 2064 विद्यालयों में से 1613 विद्यालयों ने 100 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया,।


## कार्यालय :- नगर परिषद रामपुर नैकिन जिला सीधी (म.प्र.)

क्र. 347 / ई– टेन्डर / न. परि. / 2026 — रामपुर नैकिन दिनांक 24/03/2026

### :: प्रथम आनलाईन ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::

एतद् द्वारा लोकनिर्माण विभाग अंतर्गत पंजीकृत समस्त संविदाकारो को सूचित किया जाता है कि इस निकाय क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रमांक 14 मे नाली निर्माण कार्य कराया जाना है। अतः इच्छुक संविदाकार निम्न तालिका अनुसार अपनी दरें प्रस्तुत कर सकते है । कार्य की विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in देखा जा सकता है।

| क्र. | सिस्टम टेन्डर नं. | निर्माण कार्य | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा फार्म क्रय शुल्क | आपूर्ति की अवधि (माह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_UA_494866_pack1 | वार्ड क्रमांक 14 मे जगदीश साकेत के घर से रामप्रकाश के घर तक नाली निर्माण। | 194409 | 1944 | 2000 | कार्यादेश जारी होने दिनांक से 03 माह |
| 2 | 2026_UA_494881_pack1 | वार्ड क्रमांक 14 मे विनोद मिश्रा के घर से प्रशान्त तिवारी के घर तक नाली निर्माण। | 542167 | 5421 | 2000 | कार्यादेश जारी होने दिनांक से 03 माह |

- निविदा दिनांक 26/03/2026 को 10:30 बजे प्रातः से दिनांक 10/04/2026 को दोपहर 05:30 बजे तक आनलाईन प्राप्त / प्रस्तुत की जा सकती है।
- निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार निकाय के पास सुरक्षित रहेगा एंव सशर्त निविदा मान्य नही होगी ।
- देयको मे नियमानुसार शासकीय करो की कटौती की जावेगी ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद रामपुर नैकिन, जिला सीधी (म.प्र. )

## ईरानी सुरक्षा एजेंसियों ने 15 लोगों को पकड़ा, सैन्य जानकारी दुश्मनों को पहुंचाने का आरोप

तेहरान। ईरानी सुरक्षा एजेंसियों ने इस्फाहन प्रांत में कम से कम 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन पर आरोप है कि वह संवेदनशील सैन्य जानकारी दुश्मनों को पहुंचा रहे थे। गिरफ्तार किए गए लोगों पर आरोप है कि उन्होंने सैन्य ठिकानों की लोकेशन, हमलों से हुए नुकसान की तस्वीरें और अन्य संवेदनशील जानकारी विदेशी मीडिया को शेयर की। ईरानी अधिकारी इसे देश की सुरक्षा के खिलाफ गंभीर अपराध माना है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस्फाहन ईरान का एक अहम औद्योगिक और सैन्य केंद्र है। यहां कई अहम सैन्य अड्डे, मिसाइल फैक्टरियां और परमाणु सुविधाएं भी हैं।

## आयरलैंड में नो फोन कोड सख्ती के साथ लागू

आयरलैंड। आयरलैंड में बच्चों को मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव से बचाने के लिए «नो फोन कोड» सख्ती के साथ लागू किया गया है। इस पहल के तहत 12 साल से कम उम्र के बच्चों को स्मार्टफोन न देने की अपील की गई है। कई स्कूलों और अभिभावक समूहों ने मिलकर यह निर्णय लिया है, ताकि बच्चों का बचपन स्क्रीन की बजाय खेल मैदान में बीते।रिपोर्ट्स के अनुसार, देश के हजारों अभिभावकों ने इस अभियान का समर्थन किया है। उनका मानना है कि कम उम्र में मोबाइल मिलने से बच्चों की पढ़ाई, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक व्यवहार पर नकारात्मक असर पड़ता है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने तोड़ी 165 साल पुरानी परंपरा, अब करंसी पर छपेंगे ट्रंप के हस्ताक्षर

वाशिंगटन। संयुक्त राज्य अमेरिका के वित्तीय इतिहास में एक अभूतपूर्व बदलाव होने जा रहा है। पिछले 165 वर्षों की स्थापित परंपरा को तोड़ते हुए अब अमेरिकी डॉलर के नोटों पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर अंकित किए जाएंगे। अमेरिकी ट्रेजरी द्वारा दी गई इस जानकारी के अनुसार, यह ऐतिहासिक कदम अमेरिका की आजादी की 250वीं सालगिरह के उपलक्ष्य में उठाया जा रहा है। साल 1861 में आधुनिक डॉलर नोटों की शुरुआत के बाद यह पहला अवसर होगा जब किसी वर्तमान राष्ट्रपति के हस्ताक्षर मुद्रा पर दिखाई देंगे।

## ट्रंप खेल रहे डबल गेम, एक तरह हमले नहीं करने की बात तो दूसरी तरफ भेज रहे सैनिक

वाशिंगटन। ईरान को लेकर ट्रम्प का दोहरा रुख सामने आया है। एक ओर अमेरिका मिडिल ईस्ट में करीब 10,000 एक्स्ट्रा सैनिक भेजने पर विचार कर रहा है, जिससे ट्रम्प के पास सैन्य विकल्प बढ़ सकें। एक रिपोर्ट के मुताबिक रक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस फोर्स में पैदल सेना और बख्तरबंद गाड़ियां शामिल हैं। यह एक्स्ट्रा सैनिक मिडिल ईस्ट में पहले से मौजूद 5,000 मरीन और पैराट्रूपर्स के साथ जोड़े जाएंगे।

# बांग्लादेश के भारत से रिश्ते हो रहे मजबूत, पाकिस्तान को लग रहे एक के बाद एक झटके



ढाका। बांग्लादेश ने 26 मार्च को अपना स्वतंत्रता दिवस पूरे भव्यता और ऐतिहासिक गौरव के साथ मनाया। 1971 में पाकिस्तान के दमनकारी शासन से मिली आजादी का यह जश्न इस साल विशेष मायने रखता है। दक्षिण एशिया की बदलती भू-राजनीति के बीच, ढाका ने एक स्पष्ट संदेश दिया है कि उसकी संप्रभुता और भविष्य की राह 1971 के मुक्ति संग्राम के मूल्यों पर ही टिकी है। शेख हसीना के लंबे शासनकाल के अंत और अगस्त 2024 के घटनाक्रमों के बाद, प्रधानमंत्री तारिक रहमान के नेतृत्व में बनी नई सरकार ने भारत के साथ रणनीतिक संबंधों को एक नई और सकारात्मक दिशा दी है। लेकिन पाकिस्तान को एक के बाद एक झटके लग रहे हैं।

इस बदलते परिदृश्य ने सबसे बड़ा झटका पाकिस्तान को दिया है। अगस्त 2024 में शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद जब नोबेल विजेता मुहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार संभाली थी, तब इस्लामाबाद और ढाका के बीच अचानक बढ़ी नजदीकियों ने नई दिल्ली की चिंताएं बढ़ा दी थीं। उस दौरान सैन्य प्रतिनिधिमंडलों की मुलाकातों और सीधे व्यापार की बहाली से पाकिस्तान को लगा था कि बांग्लादेश अब उसके पाले में आ गया है। हालांकि, फरवरी 2026 के आम चुनावों ने पूरी बाजी पलट दी। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की भारी जीत और 17 साल का निर्वासन खत्म कर तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने के बाद, पाकिस्तान की उम्मीदें धूमिल हो गई हैं।

नई दिल्ली में बांग्लादेशी उच्चायोग द्वारा आयोजित भव्य समारोह ने यह साबित कर दिया कि भारत और बांग्लादेश के रिश्ते किसी एक राजनीतिक दल के मोहताज नहीं हैं, बल्कि ये साझा इतिहास और भौगोलिक वास्तविकता पर आधारित हैं। इस कार्यक्रम में भारत के शीर्ष राजनयिकों की मौजूदगी ने स्पष्ट किया कि भारत, तारिक रहमान प्रशासन के साथ मजबूती से खड़ा है। हाई कमिश्नर रियाज हामिदुल्लाह ने 1971 के उन 1,668 भारतीय सैनिकों के बलिदान को याद किया, जिन्होंने बांग्लादेश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए थे। पाकिस्तान का मास्टरप्लान विफल होने का मुख्य कारण 1971 का वह कड़वा सच है जिसे बांग्लादेशी अवाम कभी नहीं भूल सकती। प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने 25 मार्च 1971 की रात को पाकिस्तानी सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सर्चलाइट को एक पूर्व नियोजित नरसंहार करार दिया है। उन्होंने वर्तमान पीढ़ी को स्वतंत्रता के मूल्य समझाने के लिए इस क्रूर इतिहास को याद रखने की अपील की है। आर्थिक दृष्टिकोण से भी, गंभीर संकट से जूझ रहा पाकिस्तान बांग्लादेश के लिए कोई ठोस विकल्प नहीं है, जबकि भारत ऊर्जा सुरक्षा और व्यापार के लिए एक अपरिहार्य साझेदार बना हुआ है। तारिक रहमान के नेतृत्व में बांग्लादेश ने इंडिया आउट जैसे नकारात्मक नैरेटिव को खारिज कर यथार्थवाद और आर्थिक प्रगति की राह चुनी है।

# शंखनाद, मंत्रों के बीच बालेन शाह ने ली नेपाल के पीएम पद की शपथ

### -भ्रष्टाचार पर अंकुश, युवाओं की उम्मीदें पूरी करना और अर्थव्यवस्था को मजबूत करना चुनौती



काठमांडू। रैपर-इंजीनियर बालेन शाह ने शुक्रवार को नेपाल के पीएम पद की शपथ ली। वे 35 साल की उम्र में नेपाल के सबसे युवा पीएम बन गए हैं। शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल की उपस्थिति में शीतल निवास में दोपहर 12:34 बजे शुभ मुहूर्त पर संपन्न हुआ। सात ब्राह्मणों ने शंखनाद, 108 युवा ब्राह्मणों द्वारा स्वस्ति वाचन और 107 लामाओं द्वारा बौद्ध मंत्रों का पाठ किया गया।

5 मार्च 2026 को हुए आम चुनाव में आरएसपी ने भारी बहुमत हासिल किया। पार्टी ने 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 182 सीटें जीतीं। बालेन शाह ने खुद चार बार पीएम रह चुके केपी शर्मा ओली को उनके गढ़ झापा-5 सीट से भारी अंतर से मात दी। नेपाल के आम चुनाव में पारंपरिक बड़े दल बुरी तरह हार गए। नेपाली कांग्रेस को सिर्फ 38 सीटें, सीपीएन-यूएलएल को 25 और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी को मात्र 17 सीटें मिलीं। आरएसपी की इस भारी जीत को युवाओं की

जेन-जेड क्रांति का नतीजा माना जा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बालेन राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के नेता हैं। करीब छह महीने पहले ओली सरकार को युवाओं के नेतृत्व वाले जेन-जेड आंदोलन में भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और सोशल मीडिया प्रतिबंध के खिलाफ हिंसक प्रदर्शनों के बाद हटा दिया गया था। बालेन पहले काठमांडू के मेयर रह चुके हैं। वे इंजीनियर भी हैं और रैप गानों के जरिए भ्रष्टाचार और युवाओं की समस्याओं को आवाज देते रहे हैं। शपथ लेने के बाद बालेन 15 से 18 मंत्रियों वाला छोटा मंत्रिमंडल बनाने की तैयारी में हैं। उनकी सबसे बड़ी चुनौती भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना, युवाओं की उम्मीदें पूरी करना और नेपाल की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। यह नेपाल के लिए एक नया अध्याय है। पारंपरिक दलों की लंबी पकड़ टूटने के बाद आरपीएस की यह लैंडस्लाइड जीत देश की राजनीति को पूरी तरह बदल सकती है। युवा पीढ़ी बालेन से बड़े बदलाव की उम्मीद लगा रही है।

# बलूचिस्तान और सिंध में दमन को लेकर वैश्विक मंच पर पाकिस्तान की उड़ाई धज्जियां




जिनेवा। जिनेवा में आयोजित संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 61वें सत्र के दौरान पाकिस्तान को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा है। इस महत्वपूर्ण सत्र में पाकिस्तान के भीतर हो रहे मानवाधिकारों के गंभीर और व्यवस्थित उल्लंघन को लेकर विभिन्न मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और संगठनों ने जमकर प्रहार किया। जापानी मानवाधिकार कार्यकर्ता शुन फुजिकी ने पाकिस्तान के दोहरे मापदंडों को उजागर करते हुए कहा कि लगभग 27 अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संधियों का हिस्सा होने के बावजूद पाकिस्तान अपने नागरिकों को सुरक्षा देने में पूरी तरह विफल रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान में लोगों को जबरन गायब करना, हिरासत में यातनाएं देना और गैर-न्यायिक हत्याएं अब एक सामान्य प्रक्रिया बन चुकी हैं, जिसके कारण लोग या तो देश छोड़ने को मजबूर हैं या निरंतर भय के साए में जी रहे हैं।सत्र के समानांतर ही स्विट्जरलैंड के जिनेवा की सड़कों पर भी पाकिस्तान के खिलाफ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। बलूच नेशनल मूवमेंट के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में बलूचिस्तान प्रांत में हो रहे अत्याचारों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय समुदाय से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने पार्क डेस नेशंस से अपना मार्च शुरू किया, जो मानवाधिकारों के संघर्ष के प्रतीक ब्रोकन चेयर स्मारक तक पहुंचा। इस प्रदर्शन की खास बात यह थी कि इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और पीड़ित परिवारों के सदस्य शामिल हुए, जिनके हाथों में अपने लापता परिजनों की तस्वीरें और न्याय की मांग वाली तख्तियां थीं।मानवाधिकार कार्यकर्ता हकीम बलूच ने पाकिस्तान सरकार पर सनसनीखेज आरोप लगाते हुए बताया कि अकेले पिछले एक वर्ष में ही अपहरण और जबरन गायब किए जाने के 1,300 से अधिक मामले सामने आए हैं।

# ड्रेगन की दोहरी नीति- ईरान की सेना को चिपमेकिंग उपकरण (टूल) मुहैया करा रही चीन की कंपनी





बीजिंग। ईरान पर इजरायल और अमेरिका के बढ़ते सैन्य दबाव के बीच चीन की भूमिका अब अंतरराष्ट्रीय चर्चा का केंद्र बन गई है। सार्वजनिक मंचों पर शांति और वार्ता की वकालत करने वाला चीन पर्दे के पीछे ईरान की सैन्य शक्ति को आधुनिक तकनीक से लैस करने के गंभीर आरोपों का सामना कर रहा है।

हाल ही में अमेरिकी प्रशासन के अधिकारियों ने एक चौंकाने वाला दावा किया है, जिसके अनुसार चीन की सबसे बड़ी चिप निर्माता कंपनी, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग इंटरनेशनल कॉरपोरेशन, ईरान की सेना को महत्वपूर्ण चिपमेकिंग उपकरण (टूल) मुहैया करा रही है। यह खुलासा ऐसे समय में हुआ है जब चीन खुद को एक निष्पक्ष मध्यस्थ के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहा है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, कंपनी पर चीनी सेना से संबंधों के कारण पहले से ही कई प्रतिबंध लागू हैं। जांच में सामने आया है कि लगभग एक साल पहले इस कंपनी ने ईरान को उच्च तकनीक वाले उपकरण भेजने शुरू किए थे।

आशंका जताई जा रही है कि यह व्यापारिक लेन-देन अभी भी जारी है। इतना ही नहीं, यह भी माना जा रहा है कि चीनी कंपनी ईरान के सैन्य अधिकारियों को सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी और उसके संचालन की तकनीकी ट्रेनिंग भी दे रही है। यदि ये आरोप सिद्ध होते हैं, तो यह अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का खुला उल्लंघन होगा, क्योंकि ईरान पर सैन्य तकनीक हासिल करने को लेकर सख्त पाबंदियां आयद हैं। हालांकि, वाशिंगटन स्थित चीनी दूतावास और कंपनी ने अब तक इन दावों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। चीन हमेशा से यह तर्क देता रहा है कि ईरान के साथ उसके संबंध पूरी तरह से सामान्य और वित्तीय प्रकृति के हैं।

# ईरान ने पाक झंडे लगे 10 तेल टैंकरों को गुजरने दिया, यह हमें उनका गिफ्ट है- ट्रंप



वाशिंगन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया था कि ईरान ने 10 तेल टैंकरों को गुजरने दिया, यह उनकी तरफ से गिफ्ट है। इन टैंकरों पर पाकिस्तान का झंडा लगा था और ईरान इससे भरोसा जीतना चाहता था। उन्होंने कहा कि ईरान ने भरोसा दिखाने के लिए 8 बड़े तेल टैंकरों को गुजरने दिया और बाद में 2 और भेजे। वहीं ट्रम्प ने कहा कि ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमले 10 दिन के लिए टाल दिए हैं। नई डेडलाइन अब 6 अप्रैल तय की गई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर फिलहाल कार्रवाई नहीं करेगा।

उन्होंने बताया कि यह फैसला इसलिए लिया गया ताकि दोनों देशों के बीच चल रही बातचीत को आगे बढ़ने का मौका मिल सके। इससे पहले भी ट्रम्प ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले की योजना को टाल चुके हैं, जिसे अब फिर से आगे बढ़ाया है।

इसी बीच खबरें हैं कि अमेरिका, ईरान के खार्ग द्वीप पर जमीनी हमला कर सकता है। इसके जवाब में ईरान ने बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट को बंद करने की चेतावनी दी है। बता दें बाब-अल-मंदेब रेड सी का एंट्री प्वाइंट है। यह रेड सी को अरब सागर से जोड़ता है। स्वेज नहर तक जाने वाले जहाज इसी रास्ते से गुजरते हैं। दुनिया के करीब 12 फीसदी तेल की सप्लाई यहां से होकर गुजरती है। यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शिपिंग रूट है। बाब-अल-मंदेब अफ्रीकी देश जिबूती में मौजूद अमेरिकी मिलिट्री बेस इस स्ट्रेट से सिर्फ 30 किमी दूर है। अगर बाब-अल-मंदेब में भी रुकावट आती है, तो मिडिल ईस्ट में चल रहा संघर्ष और बढ़ सकता है।

# क्या दक्षिणी लेबनान को नया गाजा बनाने की तैयारी में जुटा इजराइल

### हिजबुल्लाह की सैन्य ताकत के साथ सामाजिक आधार खत्म करना



तेलअवीव। लेबनान में जारी संघर्ष ने गंभीर मानवीय और रणनीतिक संकट पैदा कर दिया है। इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच बढ़ती टकराहट के बीच दक्षिणी लेबनान के हालात बेहद चिंताजनक हो चुके हैं। हाल के हफ्तों में इजरायली हमलों के कारण बड़े पैमाने पर तबाही और पलायन देखने को मिला है, जिससे यह आशंका है कि कहीं इस क्षेत्र को «नया गाजा» बनाने की रणनीति पर काम नहीं चल रहा।

रिपोर्ट्स के अनुसार, इस संघर्ष में अब तक करीब 1100 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि लगभग 12 लाख लोग अपने घर छोड़ चुके हैं। संघर्ष के कारण पूरे-के-पूरे गांव खाली हो गए हैं और जहां पहले सामान्य जीवन चलता था, वहां अब सिर्फ मलबा और सन्नाटा नजर आता है। खेत, बाजार और घर उजड़ चुके हैं, जिससे यह इलाका एक मानवीय त्रासदी का केंद्र बन गया है। वहीं विशेषज्ञों और स्थानीय लोगों का मानना है कि यह सब अचानक नहीं हो रहा, बल्कि एक तय रणनीति के मुताबिक ऐसा किया जा रहा है। यह रणनीति गाजा में अपनाए गए मॉडल से मिलती-जुलती है, जिसके तहत पहले लगातार बमबारी, फिर लोगों को इलाके खाली करने के निर्देश, और अंत में उस क्षेत्र को इस हद तक नष्ट कर देना कि लोग चाहकर भी वापस न लौट सकें। दक्षिणी लेबनान के बिंत जबैल, मरजायौन, हसबाया, नबातियेह और टायर जैसे इलाके इस रणनीति का केंद्र बने हुए हैं।

इन क्षेत्रों का महत्व केवल भौगोलिक नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक भी है। यहां शिया मुस्लिम समुदाय की बड़ी आबादी रहती है, जहां हिजबुल्लाह और अमल मूवमेंट का प्रभाव है। साथ ही कुछ हिस्सों में ईसाई समुदाय और फिलिस्तीनी शरणार्थी भी रहते हैं। इस विविध आबादी का विस्थापन न केवल मानवीय संकट को बढ़ाता है, बल्कि क्षेत्रीय सामाजिक ढांचे को भी कमजोर करता है। वर्तमान स्थिति में हजारों लोग अस्थायी शिविरों, स्कूलों या खुले आसमान में जीने को मजबूर हैं। «सेफ जोन» घोषित किए गए क्षेत्रों में भी हमलों की खबरों ने लोगों के बीच भय और अविश्वास को बढ़ाया है। यह स्थिति गाजा जैसी मानवीय त्रासदी की याद दिलाती है। इस पूरी कार्रवाई के पीछे संभावित उद्देश्य को लेकर भी बहस तेज हुई है।

# हमें कतर मत समझना, बहुत बुरा मारेंगे पाकिस्तान ने इजरायल को धमकाया





इस्लामाबाद। मध्य पूर्व में अमेरिका और ईरान के बीच जारी भीषण युद्ध के बीच अब पाकिस्तान और इजरायल के बीच भी तनाव चरम पर पहुंच गया है। तेहरान में पाकिस्तानी दूतावास के निकट हुए इजरायली हमलों के बाद पाकिस्तान सरकार से जुड़े एक रणनीतिक फोरम ने इजरायल को सीधे शब्दों में चेतावनी दी है। पाकिस्तान स्ट्रैटेजिक फोरम ने स्पष्ट लहजे में कहा कि इजरायल को यह याद रखना चाहिए कि पाकिस्तान कतर नहीं है।

फोरम ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यदि दुनिया में कहीं भी पाकिस्तानी राजनयिकों को किसी भी तरह का नुकसान पहुंचाया गया, तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा और पाकिस्तान इसका मुंहतोड़ जवाब देगा। यह विवाद तब शुरू हुआ जब इजरायली रक्षा बलों ने शुक्रवार को पुष्टि की कि उन्होंने मध्य तेहरान में ईरानी शासन के आतंकी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाते हुए बड़े पैमाने पर सिलसिलेवार हमले किए हैं। इन हमलों के दौरान पाकिस्तानी दूतावास के पास की कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। हालांकि, सूत्रों के अनुसार दूतावास परिसर और वहां तैनात स्टाफ सुरक्षित है, लेकिन हमलों की तीव्रता ने इस्लामाबाद को सुरक्षा को लेकर चौकन्ना कर दिया है। इसी बीच, ईरान ने भी पलटवार करते हुए ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4 की 83वीं लहर शुरू कर दी है, जिसमें हाइफा जैसे रणनीतिक इजरायली ठिकानों पर ड्रोन हमले किए गए हैं। एक तरफ जहां पाकिस्तान सैन्य लहजे में चेतावनी दे रहा है, वहीं दूसरी ओर वह पर्दे के पीछे अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थ की भूमिका भी निभा रहा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार ने पुष्टि की है कि उनका देश अमेरिका और ईरान के बीच संदेशों के आदान-प्रदान का जरिया बना हुआ है। उन्होंने बताया कि अमेरिका ने शांति स्थापना के लिए एक 15-सूत्रीय प्रस्ताव साझा किया है, जिस पर ईरान विचार कर रहा है। इस शांति पहल में तुर्किये और मिस्र जैसे देश भी पाकिस्तान का सहयोग कर रहे हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों का मानना है कि पश्चिम एशिया के इस खूनी संघर्ष को केवल कूटनीति और बातचीत से ही सुलझाया जा सकता है।

# ट्रंप का सनसनीखेज दावा कहा- खुफिया एजेंसी ने मुझे बताया ईरान के नए सुप्रीम लीडर गे हैं

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक हालिया इंटरव्यू में ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई और ईरान की सैन्य स्थिति को लेकर कई चौंकाने वाले दावे किए हैं। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी (सीआईए) ने उन्हें जानकारी दी है कि ईरान के नए अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई समलैंगिक हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या सीआईए ने विशेष रूप से इस बात की पुष्टि की है, तो ट्रंप ने कहा कि उन्हें ऐसी जानकारी दी गई थी, हालांकि उन्होंने यह भी जोड़ा कि कई अन्य लोग भी इस तरह की बातें कर रहे हैं। ट्रंप ने ईरान के कड़े शरिया कानूनों का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि इस तरह की जानकारी नए सुप्रीम लीडर के लिए एक खराब शुरुआत साबित हो सकती है। गौरतलब है कि ईरान में समलैंगिकता पूरी तरह से गैरकानूनी है और वहां इसके लिए मृत्युदंड तक के कड़े प्रावधान हैं। न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले हफ्ते जब खुफिया ब्रीफिंग के दौरान ट्रंप को यह बताया गया, तो वह काफी हैरान रह गए थे और उन्होंने इस पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए प्रतिक्रिया दी थी। हालांकि, ट्रंप ने इन दावों के समर्थन में कोई सार्वजनिक या पुख्ता सबूत पेश नहीं किया है।

ईरान के साथ चल रहे तनाव और पश्चिम एशिया के संघर्ष पर बात करते हुए ट्रंप ने सैन्य मोर्चे पर भी बड़ी जीत का दावा किया। उन्होंने दृढ़ता के साथ कहा कि अमेरिका और इजरायल के संयुक्त प्रयासों ने तेहरान की सैन्य क्षमताओं को लगभग मटियामेट कर दिया है। ट्रंप के अनुसार, अमेरिका सैन्य रूप से यह युद्ध पहले ही जीत चुका है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी अभियानों ने ईरान के सैन्य बुनियादी ढांचे के सबसे महत्वपूर्ण हिस्सों को पूरी तरह बेअसर कर दिया है।

अपनी सैन्य उपलब्धियों को गिनाते हुए ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की नौसेना और वायु सेना अब लगभग खत्म होने की कगार पर है।

# आस्ट्रेलिया में भी ईंधन संकट, पीएम अल्बनीज ने बुलाई मीटिंग कहा- ये बड़ा संकट है



कैनबरा। मध्य पूर्व में ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच बढ़ते सैन्य तनाव ने दुनिया भर में ऊर्जा सुरक्षा को लेकर खतरे की घंटी बजा दी है। इस भू-राजनीतिक अस्थिरता का सीधा असर अब ऑस्ट्रेलिया की ईंधन आपूर्ति पर प?ता दिख रहा है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि हालांकि देश में ईंधन की आपूर्ति फिलहाल अल्पकालिक रूप से स्थिर दिख रही है, लेकिन आने वाले महीनों में चुनौतियां और अधिक ब? सकती हैं। कैनबरा स्थित संसद भवन में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एक मजबूत योजना तैयार करने पर दिन-रात काम कर रही है।

ऑस्ट्रेलिया अपनी जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर अंतरराष्ट्रीय बाजार पर निर्भर है, ऐसे में सरकार मलेशिया और अन्य आसियान देशों के साथ अपने सकारात्मक संबंधों का लाभ उठाने की कोशिश कर रही है ताकि आपूर्ति श्रृंखला बनी रहे। प्रधानमंत्री ने तेल संकट की गंभीरता को देखते हुए आगामी सोमवार को एक नेशनल कैबिनेट की विशेष बैठक भी बुलाई है, जिसमें राज्यों के साथ मिलकर भविष्य की रणनीति तय की जाएगी। जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा मंत्री क्रिस बोवेन ने स्थिति का आकलन करते हुए कहा कि देश में पेट्रोल और डीजल की मांग में अचानक भारी वृद्धि हुई है, जिससे क्षेत्रीय ऑस्ट्रेलिया में ईंधन की कमी महसूस की जा रही है। आधिकारिक आंक?ों के अनुसार, देश भर के लगभग 470 सर्विस स्टेशनों पर कम से कम एक प्रकार का ईंधन पूरी तरह खत्म हो चुका है। संकट की गहराई का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि ऑस्ट्रेलिया में वर्तमान में केवल दो घरेलू रिफाइनरियां ही संचालित हो रही हैं। देश अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत से अधिक पेट्रोल, डीजल और जेट ईंधन आयात करता है, जिसका अधिकांश हिस्सा एशियाई देशों से आता है। विशेषज्ञों का कहना है कि एशियाई रिफाइनरियां कच्चे तेल के लिए मुख्य रूप से मध्य पूर्व पर निर्भर हैं, जहां से तेल स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते भेजा जाता है।

## शमी से मुझे गेंदबाजी में सहायता मिली : मुकेश कुमार

नई दिल्ली। आईपीएल के इस सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेल रहे युवा तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने कहा है कि उन्हें अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी से लगातार सहायता मिलती रही है। मुकेश ने कहा कि शमी मेरे बड़े भाई की तरह हैं, वह मुझे गेंदबाजी को लेकर मार्गदर्शन देने के साथ ही मेरा हौसला भी बढ़ाते रहे हैं। मुकेश के अनुसार उनके गेंदबाजी कौशल के विकास में अनुभवी शमी की बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने कहा, ''मैं उनसे बहुत कुछ सीखता हूं। जब भी मैं किसी परेशानानी में होता हूं या चीजें ठीक नहीं चल रही होतीं, तो मैं उनके पास जाता हूं और सवाल पूछता हूं। ऐसे में वह हमेशा मेरी सहायता करते हैं।

## पांड्या को मुम्बई इंडियंस की कप्तानी से हटाने के पक्ष में नहीं कैफ

मुम्बई। हार्दिक पांड्या को मुम्बई इंडियंस का कप्तान बनाये जाने के बाद से ही विवाद जारी है। कई पूर्व खिलाड़ियों का मानना है कि पांड्या को कप्तानी देकर गलती की गयी है। इसलिए उन्हें हटाकर सूर्यकुमार यादव को कप्तान बनाया जाना चाहिये। वहीं इसी को लेकर अब पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ का बयान आया है। कैफ ने कहा है कि बार बार बदलाव करना सही नहीं है। इससे टीम को नुकसान ही होगा। इसलिए इस प्रकार के फैसले से बचें। कैफ के अनुसार मुंबई इंडियंस को बार-बार कप्तान बदलने की गलती नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि कप्तान बदलने कोई बड़ा बदलाव आयेगा।

## विराट इस सत्र में ऑरेंज कैप हासिल करेंगे : जितेश

नई दिल्ली। युवा विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा के अनुसार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली इस सत्र में सबसे अधिक रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल करेंगे। जितेश ने कहा, विराट इसके साथ ही आईपीएल में सबसे अधिक 973 रन का अपना ही पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ सकते हैं। जिस प्रकार से उन्होंने पिछले कुछ समय में खेला है। उससे पता चलता है कि वह काफी अच्छे फार्म में है।विराट के नाम एक सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने साल 2016 के सत्र में 16 मैचों में 973 रन बनाए थे।

## बेन डकेट ने नाम लिया वापस, दो साल के बैन की संभावना

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत से ठीक पहले दिल्ली कैपिटल्स को बड़ा झटका लगा है। टीम के लिए ओपनिंग करने वाले इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन डकेट ने टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। ऐसे समय पर लिया गया यह फैसला दिल्ली की तैयारियों पर सीधा असर डाल सकता है, जब सभी टीमें अपनी अंतिम रूप दे रही हैं।

# ओलंपिक में ट्रांसजेंडर महिलाओं की एंट्री पर रोक आईओसी ने बदली नीति



नई दिल्ली । इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी (आईओसी) ने ट्रांसजेंडर एथलीटों को लेकर एक बड़ा और अहम फैसला लिया है। नई नीति के तहत 2028 में होने वाले लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 और भविष्य के सभी ओलंपिक खेलों में ट्रांसजेंडर महिलाएं महिला कैटेगरी के इवेंट्स में हिस्सा नहीं ले सकेंगी। इस निर्णय का उद्देश्य महिलाओं के खेलों में निष्पक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करना बताया गया है। आईओसी की नई गाइडलाइन के अनुसार, अब केवल बायोलॉजिकल महिलाओं, यानी जन्म से महिला खिलाड़ियों को ही महिला वर्ग में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी।

इसके लिए खिलाड़ियों को जीन टेस्ट से गुजरना होगा, जिसमें थूक, ब्लड सैंपल या गाल के जरिए सैंपल लिया जा सकता है। हालांकि, जो एथलीट जन्म के समय महिला थे और बाद में खुद को ट्रांसजेंडर के रूप में पहचानते हैं, उन्हें महिला स्पर्धाओं में भाग लेने की छूट दी गई है।आईओसी की अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री ने इस फैसले को विज्ञान और चिकित्सा सलाह पर आधारित बताया है। उन्होंने कहा कि ओलंपिक जैसे उच्चस्तरीय प्रतियोगिताओं में जीत और हार के बीच बहुत कम अंतर होता है, ऐसे में प्रतिस्पर्धा का निष्पक्ष होना बेहद जरूरी है। उनके मुताबिक, बायोलॉजिकल पुरुषों का महिला वर्ग में मुकाबला करना न केवल अनुचित है, बल्कि कुछ खेलों में सुरक्षा के लिहाज से भी जोखिम भरा हो सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हर एथलीट के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाएगा और इस प्रक्रिया के तहत खिलाड़ियों को अपने करियर में केवल एक बार स्क्रीनिंग करवानी होगी। आईओसी का यह कदम सभी खेलों के लिए एक समान नियम लागू करने की दिशा में उठाया गया है, ताकि अलग-अलग खेल संघों द्वारा अलग-अलग मानदंड तय करने की स्थिति समाप्त हो सके।

गौरतलब है कि इससे पहले आईओसी ट्रांसजेंडर महिलाओं को टेस्टोस्टेरोन स्तर के आधार पर प्रतिस्पर्धा में भाग लेने की अनुमति देता था या यह निर्णय संबंधित खेल संघों पर छोड़ दिया जाता था। हालांकि अब आईओसी एक समान और स्पष्ट नीति लागू करना चाहता है। इस बीच, कई अंतरराष्ट्रीय खेल संगठनों ने पहले ही ट्रांसजेंडर एथलीटों की भागीदारी पर प्रतिबंध लगा दिया है।

# आईपीएल 2026 का आगाज आज से, ओपनिंग सेरेमनी नहीं होगी

## पहले मैच में आरसीबी और एसआरएच होंगें आमने-सामने




नई दिल्ली (ईएमएस)। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का बहुप्रतीक्षित आगाज शनिवार, 28 मार्च से होने जा रहा है। इस सीजन का पहला मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। यह मुकाबला बेंगलुरु के प्रतिष्ठित एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आयोजित होगा, जहां फैंस को एक रोमांचक शुरुआत की उम्मीद है।

हालांकि इस बार आईपीएल के उद्घाटन समारोह में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। आमतौर पर टूर्नामेंट की शुरुआत भव्य ओपनिंग सेरेमनी के साथ होती है, जिसमें कई बड़े सितारे शामिल होते हैं, लेकिन इस बार भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ओपनिंग सेरेमनी आयोजित नहीं करने का फैसला किया है। इसके पीछे एक संवेदनशील कारण बताया जा रहा है। पिछले सीजन में आरसीबी की जीत के बाद आयोजित विक्ट्री परेड के दौरान भगदड़ मच गई थी, जिसमें कई फैंस की जान चली गई थी। इसी दुखद घटना को ध्यान में रखते हुए बीसीसीआई ने इस बार सादगी के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत करने का निर्णय लिया है, ताकि दिवंगत प्रशंसकों को श्रद्धांजलि दी जा सके।

मैच के समय की बात करें तो आरसीबी और एसआरएच के बीच यह मुकाबला भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से शुरू होगा। वहीं, टॉस के लिए दोनों टीमों के कप्तान शाम 7 बजे मैदान पर उतरेंगे।

इस हाई-वोल्टेज मुकाबले को लेकर फैंस में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है, खासकर इसलिए क्योंकि यह सीजन की शुरुआत का मैच है। प्रसारण की बात करें तो इस मुकाबले का सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर विभिन्न भाषाओं में किया जाएगा, जिससे देशभर के दर्शक अपनी पसंदीदा भाषा में मैच का आनंद ले सकेंगे। वहीं, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इस मैच की लाइव स्ट्रीमिंग जियोहॉटस्टार ऐप और वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

# एशियाई खेलों में पदक जीतना रहेगा लक्ष्य : मीराबाई चानू



रायपुर। भारत की ओलंपिक पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने कहा है कि वह राष्ट्रमण्डल खेलों में 48 किलोग्राम वर्ग में ही उतरेंगी पर उसके बाद उन्हें इसे एशियाई खेलों के लिए बदलना होगा। चानू के अनुसार वह आज तक एशियाई खेलों में पदक नहीं जीत पायी हैं , इसलिए उनका लक्ष्य इस बार पदक जीतना रहेगा। इस खिलाड़ी के अनुसार बड़े अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए वजन वर्गों में जरुरत के अनुसार बदलाव करना होता है। गौरतलब है कि चानू वह एक दशक से भी अधिक समय से भारत की ओर से विश्व स्तर पर भरोत्तोलन में पदक जीतती रही हैं। इसमें टोक्यो ओलंपिक्स के रजत पदक के साथ ही, तीन विश्व चैंपियनशिप पदक शामिल रहे है पर वह अभी तक एशियाई खेलों में पदक नहीं जीत पायी हैं।

मीराबाई ने पहली बार 19 साल की उम्र में पहली बार एशियाई खेलों में भाग लिया था और 2014 के इंचियोन एशियन गेम्स में वह नौवें स्थान पर रहीं थीं। बाद में पीठ की चोट के कारण उन्हें 2018 के जकार्ता एशियन गेम्स से हटना पड़ा था। वह साल 2022 के हांगझोऊ एशियाई खेलों में पदक के सबसे करीब पहुंची थीं पर फिट नहीं होने के कारण बीच में ही बाहर हो गयी थीं। इसके बाद वह पांच महीने तक खेल से दूर थीं। इस खिलाड़ी ने शानदार वापसी करते हुए 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया था पर वह पदक जीतने में असफल रहीं थीं।

# आईपीएल 2026: पंजाब किंग्स मजबूत दावेदार, लेकिन मिडिल ऑर्डर बना चिंता का विषय



नई दिल्ली। पंजाब किंग्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में एक बार फिर खिताब जीतने के इरादे से मैदान में उतरने को तैयार है। पिछले सीजन फाइनल तक का सफर तय करने वाली टीम इस बार भी कागज पर बेहद संतुलित और मजबूत नजर आ रही है। कप्तान श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में टीम अपने पहले आईपीएल खिताब के सूखे को खत्म करना चाहेगी। बल्लेबाजी की बात करें तो पंजाब की सलामी जोड़ी प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह पिछले सीजन शानदार लय में नजर आई थी। प्रभसिमरन ने 547 रन बनाए थे, जबकि प्रियांश ने 475 रन जोड़कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई थी। नंबर तीन पर कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी अहम भूमिका निभाई थी और इस बार भी उनसे बड़े प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

टीम का बैटिंग ऑर्डर इस सीजन और मजबूत हुआ है। मार्कस स्टोइनिस अपनी ऑलराउंड क्षमता से टीम के लिए अहम साबित हो सकते हैं। वहीं शशांक सिंह और नेहल वढेरा जैसे युवा खिलाड़ियों से भी टीम को काफी उम्मीदें हैं। इसके अलावा विष्णु विनोद, मुशीर खान और सूर्यांश शेडगे के रूप में टीम के पास कई भारतीय युवा विकल्प मौजूद हैं, जो जरूरत के अनुसार उपयोगी साबित हो सकते हैं। गेंदबाजी विभाग में भी पंजाब किंग्स संतुलित नजर आ रही है। तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी मार्को जानसेन और अर्शदीप सिंह के कंधों पर होगी। हालांकि शुरुआती मैचों में लॉकी फर्ग्यूसन की कमी खल सकती है। तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में वैशाक विजयकुमार या यश ठाकुर को मौका मिल सकता है। साथ ही जेवियर बार्टलेट और बेन ड्वार्शुइस की मौजूदगी से टीम का पेस अटैक और मजबूत हुआ है। स्पिन विभाग की अगुवाई युजवेंद्र चहल करेंगे, जिनका पिछला सीजन शानदार रहा था। उनके साथ हरप्रीत बरार और प्रवीण दुबे जैसे विकल्प भी टीम को संतुलन देते हैं।

हालांकि टीम की सबसे बड़ी कमजोरी मिडिल ऑर्डर को माना जा रहा है। पिछले सीजन के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ इसी विभाग का खराब प्रदर्शन टीम को भारी पड़ा था। स्टोइनिस, वढेरा और शशांक सिंह जैसे बल्लेबाजों में निरंतरता की कमी चिंता का विषय बनी हुई है।

# 15 के हुए वैभव सूर्यवंशी, धमाकेदार प्रदर्शन से सुर्खियों में

## - एक ओवर ने बदली करीम जनत की किस्मत




नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी 27 मार्च को 15 साल के हो गए हैं और इसके साथ ही उनके लिए सीनियर क्रिकेट में आगे बढ़ने का रास्ता और साफ हो गया है। बिहार के समस्तीपुर जिले से ताल्लुक रखने वाले वैभव ने बेहद कम उम्र में ही अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा लिया था।

उन्होंने महज 12 साल की उम्र में रणजी ट्रॉफी में डेब्यू कर सबको चौंका दिया था और घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के दम पर तेजी से पहचान बनाई। उनकी काबिलियत को देखते हुए आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें अपनी टीम में शामिल किया। अपने पहले ही आईपीएल सीजन में वैभव ने धमाकेदार प्रदर्शन कर सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। खास तौर पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मैच में उन्होंने सिर्फ 35 गेंदों में शतक जड़कर क्रिकेट जगत को हैरान कर दिया और 'वंडर बॉय' के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर ली।

हालांकि इसी सीजन का एक और पहलू भी काफी चर्चा में रहा, जिसमें उनके प्रदर्शन ने एक अन्य खिलाड़ी के करियर पर गहरा असर डाला। गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2025 में अफगानिस्तान के ऑलराउंडर करीम जनत को 75 लाख रुपये के बेस प्राइस पर खरीदा था। राजस्थान के खिलाफ मैच में उन्हें डेब्यू का मौका मिला, लेकिन यह मैच उनके लिए बेहद मुश्किल साबित हुआ। उस मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी के सामने गेंदबाजी करते हुए करीम जनत पूरी तरह दबाव में नजर आए। वैभव ने उनके एक ही ओवर में 3 छक्के और 3 चौके लगाते हुए कुल 30 रन बटोर लिए। इस ओवर के बाद टीम के कप्तान शुभमन गिल ने करीम को फिर गेंदबाजी का मौका नहीं दिया। इतना ही नहीं, पूरे सीजन में वह प्लेइंग इलेवन से बाहर ही रहे और बाद में आईपीएल 2026 के लिए उन्हें टीम से रिलीज भी कर दिया गया।

हालांकि आईपीएल में यह अनुभव उनके लिए निराशाजनक रहा, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करीम जनत अफगानिस्तान टीम के लिए अहम खिलाड़ी बने हुए हैं। उन्होंने अब तक 2 टेस्ट, 3 वनडे और 75 टी20 मुकाबले खेले हैं।

# आईपीएल 2026: आकाश चोपड़ा की भविष्यवाणी, ऑरेंज कैप की रेस में जायसवाल-गिल आगे



नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 19वें सीजन के आगाज के साथ ही एक बार फिर बल्लेबाजों और गेंदबाजों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। इस सीजन में जहां युवा खिलाड़ियों से बड़े प्रदर्शन की उम्मीद है, वहीं अनुभवी खिलाड़ियों पर भी अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखने का दबाव रहेगा। टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने ऑरेंज कैप और पर्पल कैप के संभावित दावेदारों को लेकर अपनी भविष्यवाणी साझा की है। आकाश चोपड़ा ने अपने विश्लेषण में ऑरेंज कैप के लिए भारतीय बल्लेबाजों पर भरोसा जताया है।

उन्होंने यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल को इस सीजन सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में सबसे आगे माना है। दोनों बल्लेबाज पहले भी शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं और ऑरेंज कैप जीतने का अनुभव रखते हैं। चोपड़ा का मानना है कि टी20 क्रिकेट में आमतौर पर सलामी बल्लेबाजों को ज्यादा मौके मिलते हैं, इसलिए इन दोनों खिलाड़ियों की दावेदारी मजबूत है। उन्होंने खास तौर पर यशस्वी जायसवाल को लेकर कहा कि यह उनके लिए 'ब्रेकआउट सीजन' साबित हो सकता है। पिछले कुछ समय में जायसवाल ने जिस तरह का प्रदर्शन किया है, वह उन्हें इस रेस में सबसे आगे खड़ा करता है। चोपड़ा ने यह भी कहा कि शुभमन गिल रन बनाने की भूख के साथ मैदान पर उतरेंगे, जिससे उनके बड़े स्कोर बनाने की संभावना और बढ़ जाती है।

इसके अलावा विराट कोहली और केएल राहुल को भी ऑरेंज कैप के दावेदारों में शामिल किया गया है। कोहली पहले ही दो बार यह खिताब जीत चुके हैं और उनका अनुभव उन्हें इस दौड़ में मजबूत बनाता है। वहीं चोपड़ा का मानना है कि अगर दिल्ली कैपिटल्स अच्छा प्रदर्शन करती है, तो केएल राहुल भी इस रेस में आगे निकल सकते हैं। आकाश चोपड़ा के अनुसार, ऑरेंज कैप जीतने के लिए किसी बल्लेबाज को कम से कम 600 से 650 रन बनाने होंगे। उन्होंने जायसवाल के हालिया आंकड़ों का जिक्र करते हुए बताया कि वह लगातार रन बना रहे हैं और उनका स्ट्राइक रेट भी शानदार है। यही वजह है कि उनसे इस सीजन में बड़े प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। आईपीएल 2026 का पहला मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच बेंगलुरु में खेला जाएगा। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या आकाश चोपड़ा की भविष्यवाणियां सही साबित होती हैं यानया खिलाड़ी इस रेस में सबको चौंका देता है।

# विराट कोहली की ऐतिहासिक पारी ने ऑस्ट्रेलिया से छीनी थी जीत

## - 2016 टी20 वर्ल्ड कप-



नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट के महान बल्लेबाज विराट कोहली ने अपने करियर में कई यादगार पारियां खेली हैं, लेकिन 27 मार्च 2016 को आईसीसी टी20 विश्वकप 2016 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई उनकी नाबाद पारी आज भी क्रिकेट इतिहास की सबसे शानदार पारियों में गिनी जाती है। उस मुकाबले में कोहली ने 51 गेंदों में 82 रन बनाकर अकेले दम पर भारत को जीत दिलाई थी।इस अहम मुकाबले में भारत को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए हर हाल में जीत दर्ज करनी थी। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 161 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा था। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय क्रिकेट टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने शुरुआती ओवरों में ही विकेट गंवा दिया। कोहली तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए और शुरुआत में परिस्थितियों के अनुसार संभलकर खेले। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए भारतीय बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। 14 ओवर के बाद भारत का स्कोर 94 रन पर 4 विकेट था और टीम को आखिरी 6 ओवरों में 67 रन की दरकार थी। उस समय मैच पूरी तरह ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में झुकता नजर आ रहा था। हालांकि, यहीं से कोहली ने अपना असली रंग दिखाया। 30 गेंदों में 35 रन बनाकर खेल रहे कोहली ने अचानक गियर बदला और आक्रामक बल्लेबाजी शुरू कर दी। उन्होंने अगले 21 गेंदों में 47 रन ठोक डाले, जिसमें 7 चौके और 1 छक्का शामिल था। उनकी इस तूफानी बल्लेबाजी ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की रणनीति को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। कोहली के साथ उस समय दूसरे छोर पर भी महत्वपूर्ण साझेदारी देखने को मिली, लेकिन पूरी पारी का केंद्र बिंदु उनका अकेले दम पर मैच पलटना रहा।

# आईपीएल के पहले ही मैच में रिकार्ड बना सकते हैं भुवनेश्वर




मुम्बई । आईपीएल के 19 सत्र के पहले ही मैच में रॉयल चैलेंजस बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार एक नया रिकार्ड बना सकते हैं। भुवनेश्वर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले पहले मैच में दो विकेट लेने के साथ ही इस लीग में 200 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बन जाएंगे। अभी तक इस लीग में स्पिनर यजुवेन्द्र चहल के नाम ही 200 विकेट हैं पर कोई भी तेज गेंदबाज यहां तक नहीं पहुंचा है।

भुवनेश्वर ने अब तक 190 आईपीएल मैचों में 198 विकेट लिए हैं, उनका औसत 27.33 रहा है। इस दौरान उन्होंने 2 बार 5 विकेट और 2 बार 4 विकेट भी लिए हैं। आईपीएल में वह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में दूसरे नंबर पर हैं। वहीं तेज गेंदबाजों की बात करें तो जसप्रीत बुमराह सूची में दूसरे नंबर पर हैं, उनके नाम 183 विकेट हैं। वहीं वेस्टइंडीज के ड्वेन ब्रावो के नाम भी इतने ही विकेट हैं। आरसीबी ने इस सत्र में भुवनेश्वर को 10.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। पिछले सत्र में उन्होंने 14 पारियों में 17 विकेट लिए थे। भुवनेश्वर कुमार का पावरप्ले में रिकॉर्ड शानदार रहा है।

उन्होंने आईपएल में अपने 79 विकेट पावरप्ले में लिए हैं, जो किसी भी गेंदबाज द्वारा सबसे ज्यादा हैं। इस दौरान उनकी इकॉनमी 6.46 रही है।

# आईपीएल 2026 से पहले दिग्गजों की भविष्यवाणी टॉप-4 में मुंबई इंडियंस का दबदबा

## - पर्पल कैप के लिए वरुण चक्रवर्ती फेवरेट



नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 19वें सीजन के आगाज 28 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में हो जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले क्रिकेट जगत के कई दिग्गजों ने इस सीजन की टॉप-4 टीमों और पर्पल कैप विजेता को लेकर अपनी-अपनी भविष्यवाणियां कर दी हैं। पूर्व क्रिकेटर फाफ डु प्लेसिस ने टॉप-4 में मुंबई इंडियंस, आरसीबी, पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स या दिल्ली कैपिटल्स को जगह दी है। वहीं इरफान पठान ने मुंबई, दिल्ली, पंजाब और राजस्थान रॉयल्स को प्लेऑफ का दावेदार माना है। हरभजन सिंह ने भी मुंबई इंडियंस पर भरोसा जताते हुए सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स को टॉप टीमों में शामिल किया है।

क्रिकेट एक्सपर्ट आकाश चोपड़ा, मोहम्मद कैफ और संजय बांगर ने भी मुंबई इंडियंस, दिल्ली कैपिटल्स, आरसीबी और पंजाब किंग्स को टॉप-4 में जगह दी है। वहीं चेतेश्वर पुजारा ने गुजरात टाइटंस, चेन्नई, कोलकाता नाइट राइडर्स और मुंबई को प्लेऑफ के लिए चुना है। कुल मिलाकर ज्यादातर दिग्गजों की पसंद में मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स का नाम बार-बार सामने आया है, जिससे इन टीमों की मजबूत दावेदारी का संकेत मिलता है।पर्पल कैप को लेकर भी दिलचस्प भविष्यवाणियां सामने आई हैं। फाफ डु प्लेसिस, हरभजन सिंह, चेतेश्वर पुजारा, मोहम्मद कैफ, पीयूष चावला, सबा करीम और लक्ष्मीपति बालाजी जैसे कई दिग्गजों ने वरुण चक्रवर्ती को सबसे बड़ा दावेदार बताया है। वहीं इरफान पठान ने जसप्रीत बुमराह, हनुमा विहारी ने कुलदीप यादव, संजय बांगर ने युजवेंद्र चहल और वरुण एरोन ने हर्षल पटेल को पर्पल कैप का संभावित विजेता बताया है।

